सेंट सिसीलियास पब्लिक स्कूल
हिंदी दिवस
दिनांक 14 सितम्बर, 2022

मन की भाषा , प्रेम की भाषा
हिंदी है भारत जन की भाषा |

14 सितम्बर, 2022 को हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में तीसरी से पाँचवी कक्षा के छात्रों के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया | सबसे पहले प्रार्थना सभा में छात्रों ने भाषण .दोहे तथा कवियों द्वारा रचित अथवा स्वरचित कविताएँ प्रस्तुत कीं ।कुछ छात्रों ने अपने भाषण के माध्यम से हिंदी भाषा के महत्त्व पर ज़ोर दिया ।प्रधानाचार्या जी ने भी छात्रों को हिंदी के प्रति सम्मान एवं आदर करने का सन्देश दिया ।छात्रों के लिए सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया | छात्रों ने बहुत उत्साहपूर्वक दोहा वाचन व कविता पाठ प्रतियोगिता में भाग लिया |

छात्रों ने विभिन्न गतिविधियों में सफलतापूर्वक भाग लेते हुए हिंदी भाषा के महत्त्व को समझा |